# बिहार सरकार
# वित्त (अंकेक्षण) विभाग
# बिहार पटना

**अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :– 22/12–13**

**(1) परिचयात्मक :–**

**(क) अंकेक्षित लेखा का नाम –** जिला कल्याण कार्यालय सीतामढ़ी के पिछड़ा/अति पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति का अंकेक्षण

**(ख) अंकेक्षण का लेखावधि –** लेखावर्ष 2007–08 से 2010–11 तक।

**(ग) प्रशासी विभाग का नाम –** पिछड़ा वर्ग एंव अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

**(घ) अंकेक्षित अवधि के नियंत्री पदा0 के नाम, पदनाम एवं कार्यकाल –** अज्ञात।

**(ङ) अंकेक्षित अवधि के लेखा प्रभारी पदाधिकारी एंव कर्मचारियों के नाम ,पदनाम एवं कार्यकाल –**

**जिला कल्याण पदाधिकारी**

1. श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा
   21.08.2003 से 28.07.2008
2. श्री नन्द किशोर ठाकुर 29.07.08 से 10.07.2009

3. श्री राम जन्म विद्याकर
   11.07.2009 से 30.08.2010
4. श्री आनन्द प्रकाश वर्मा 30.08.2010 से 20.07.2011

**प्रधान सहायक**

1. श्री रवीन्द्र कुमार वर्मा
   1.04.2007 से 30.6.2008
2. श्रीमती रेणु कुमारी 1.07.2008 से 20.5.2009
3. श्री कमाल पाशा 21.05.2009 से अद्यतन

**नाजिर**

1. श्री सुनील कुमार झा, लिपिक 1.04.2007 से 8.09.207
2. श्री देव नारायण गुप्ता, लिपिक 8.09.2007 से 22.08.2008
3. श्री राजीव रंजन सॉंख्यिकी सहायक 22.08.2008 से अद्यतन

**छात्रवृत्ति लिपिक**

1. श्री विनोद श्रीवास्तव 2007–08 से 2008–09
2. श्री सुनील कुमार सुमन 2009–10 से 2010–11

**(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले**

**पदा0/कर्म0 का नाम एंव पदनाम** – श्री सुरेश सहनी लिपिक

**(छ) अंकेक्षको का नाम** – 1. श्री रमण कुमार ,व0 अं0

2. श्री चौधरी शम्भू नाथ राय ,व0 अं0

**(ज) अंकेक्षण प्रारंभण तिथि** – दि0 06.09.2011

**(झ) अंकेक्षण समापन तिथि** – दि0 24.01.2012

**(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस** – 40 कार्य दिवस ।

**(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत/अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–**

अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'क' पर अंकित है।

**(2) अंकेक्षण का क्षेत्र –**

(i) अंकेक्षण का प्रकार – सामान्य

(ii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग का आदेश संख्या एवं तिथि – 3286/15.09.1960

(iii) कार्यालय का कार्यक्षेत्र – जिला सीतामढ़ी अन्तर्गत

(iv) वित्तीय स्त्रोत – आवंटन

(v) कोषागार से सत्यापन की स्थिति :– पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग जिला कोषागार सीतामढ़ी से छात्रवृत्ति की निकासी एंव जमा राशि का शत्– प्रतिशत् सत्यापन किया गया एंव सही पाया गया।

(vi) महालेखाकार के पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थिति :– निरीक्षण प्रतिवेदनों का अनुपालन प्रेषित नही किया पाया गया।

(vii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग का पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदनों को अनुपालन :– अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या – 226/83–84, 97/92–93 एंव 134/2003–04 का संचिका प्रस्तुत नही किया गया अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या – 42/2010–11 का अनुपालन नही किया गया।

**(3) वित्तीय समीक्षा :–**

1. आवंटन से अधिक निकासी नही की गई हैं। (दृष्टव्य परिशिष्ट ''ख'')
2. किसी प्रकार का अनुदान पिछड़ी वर्ग/अति पिछड़ी वर्ग छात्रवृत्ति मद में प्राप्त नही हुआ है।
3. उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रशासी विभाग को प्रेषित किया, नही पाया गया।
4. रोकड़ पुस्त के सम्वरण शेष के नगद राशि का भौतिक सत्यापन की स्थिति :– अंकेक्षण के बार– बार अनुरोध के बाद भी भौतिक सत्यापन नही कराया गया।
5. अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि दिनांक 6.09.2011 को सामान्य रोकड़ पंजी के सम्वरण शेष रू0 57293269.50 के विवरण को अंकेक्षण के अनुरोध के पश्चात् नाजिर द्वारा अंकित किया गया जो निम्न प्रकार है :–

(क) नगद – 1689.34

(ख) बैंक में जमा राशि (व्याज सहित) – 54437520.91 (विवरणी पृ0 –5,6 पर दृष्टव्य)

(ग) आकस्मिक अभिश्रव – 295253.50

(घ) अस्थायी अग्रिम – 2554041.75

(ड़) बैंक द्वारा चेक हेतु कटौती की राशि – 4764.00

57293269.50

सहायक रोकड़ पुस्त पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के

दिनांक 1.4.2007 का प्रारम्भण रोकड़ 540128.00 रू0

दिनांक 31.3.2011 का संवरण शेष – 3780422.00

सामान्य रोकड़ पुस्त के दिनांक 1.4.07 का प्रारम्भण रोकड़ रू0 25641299.54

सामान्य रोकड़ पुस्त के दिनांक 31.3.2011 को संवरण शेष रू0 39381053.0 पाया गया।

दिनांक 6.9.2011 को बैंक में जमा राशि रू0 54437520.91 की विवरणी :—

| क्र0 | बैकों के नाम पता | खाता संख्या | जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक, सीतामढ़ी | 11170845362 | 3695434.64 |
| 2 | बैंक ऑफ इन्डिया , डुमरा | सी0 डी0 — 21 | 2867402.00 |
| 3 | सेन्ट्रल कापरेटिव बैंक, डुमरा | सी0 ए0 — 55 | 482161.00 |
| 4 | सेन्ट्रल कापरेटिव बैंक, डुमरा | 3749 | 3217.00 |
| 5 | बैंक ऑफ इन्डिया भासर भददा | 443110210000001 | 2105827.00 |
| 6 | सिंन्डिकेट बैंक, कमलदह | 754122126745 | 6875635.00 |
| 7 | सिन्डिकेट बैंक सीतामढ़ी | 75422210006181 | 11078.00 |
| 8 | इलाहाबाद बैंक सीतामढ़ी | 30010 | 66754.00 |
| 9 | सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया अन्धारी | सी0 ए0 12 | 975.24 |
| 10 | बैंक आफ इन्डिया डुमरा | 443910210000002 | 1539145.00 |
| 11 | बैंक आफ इन्डिया भासर भददा | 443110210000002 | 408175.00 |
| 12 | पंजाब नेशनल बैंक | 4492000400004406 | 4257000.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सीतामढ़ी | | |
| 13 | सिन्डिकेट बैंक सीतामढ़ी | 75422210006196 | 150000.00 |
| 14 | सेन्ट्रल कापरेटिव बैंक डुमरा | 3756 | 115891.00 |
| 15 | भारतीय स्टेट बैंक सीतामढ़ी | 11170849683 | 31515813.14 |
| 16 | सेन्ट्रल कापरेटिव बैंक डुमरा | 4037 | 343012.40 |
| | | कुल रू0 — | 54437520.91 |

**(4) अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत/कार्यरत/रिक्त पदों का विवरण :—** अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''ग'' पर संलग्न है।

## <u>भाग — 2</u>

### (5) रू0 10000.00 वास्तविक भुगतेय राशि से अधिक राशि का अनियमित व्यय कर दिखाया जाना वसूली योग्य :—

पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति की जाँच में पाया गया कि वर्ष 2009—10 के छात्रवृत्ति की स्वीकृति में एम0 के0 कॉलेज सीतामढ़ी के क्रमांक 756 जियाउद्धीन अंसारी पिता जाकिर मियाँ को रू0 540.00 तथा क्रमांक 1988 ललिता कुमारी पिता राजाराम साह को रू0 900.00 कुल रू0 1440.00 का भुगतान किया जाना था। जाँच में पाया गया कि रू0 1440.00 छात्रवृत्ति की राशि के भुगतान के स्थान पर रू0 11440.00 का भुगतान बैंक ऑफ इन्डिया शिवहर के चेक संख्या 004300 के द्वारा दिनांक 3.7.2010 को किया गया तथा उक्त राशि की निकासी बैंक से की गई थी। सहायक रोकड़ पुस्त में व्यय की तिथि 3.7.2010 पाया गया । जिसका सत्यापन बैंक पंजी एंव सहायक रोकड़ पुस्त से किया गया। इस प्रकार रू0 1440.00 के भुगतान के

स्थान पर रू0 11440.00 का भुगतान कर वास्तविक भुगतेय राशि से अधिक राशि रू0 10000.00 का व्यय दिखाया गया। निर्गत आपत्ति का अनुपालन नही किया गया। स्पष्ट है रू0 10000.00 वास्तविक राशि से अधिक राशि का अनियमित भुगतान वसूली योग्य है जिसे दोषी एंव उत्तरदायी व्यक्ति से वसूल कर शीध्र कोषागार में जमा किया जाय एंव इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग को दिया जाय।

**(6) रू0 6773.00 का भुगतान आपत्ति अन्तर्गत :–**

पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति (बिहार राज्य से बाहर) की जाँच में पाया गया कि राकेश मोहन पिता नागेन्द्र प्रसाद पता अंकित नही को वर्ष 2009–10 के लिये प्राचार्य कैम्पस लॉ सेन्टर यूनिवरसीटी ऑफ दिल्ली, दिल्ली को पत्रांक 343 ''बी'' दिनांक 5.6.2010 के द्वारा रू0 6773.00 (2090+4683) छात्रवृत्ति की राशि एंव विविध शुल्क की राशि स्वीकृत कर भुगतान चेक संख्या 000512 दिनांक 5.6.2010 से रू0 6773.00 का किया गया। जाँच में पाया गया कि उक्त छात्र का नाम आवेदन पत्रों की पंजी में अंकित नही था। छात्र से पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति (प्रवेशिकोत्तर) स्वीकृति हेतु आवेदन प्राप्त किये बिना ही छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया। साथ ही छात्र का निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र (पिछड़ा वर्ग हेतु) एंव रू0 40000.00 तक की वार्षिक आय प्रमाण पत्रों की जाँच किये बिना ही छात्रवृत्ति भुगतान किया गया। निर्गत आपत्ति का अनुपालन नही किया गया। स्पष्ट है बिना आवेदन एंव आवश्यक प्रमाण पत्रों की जाँच के रू0 6773.00 छात्रवृत्ति राशि को व्यय दिखाया गया। अतः उक्त व्यय के सम्बन्ध में विभागीय सक्षम पदाधिकारी द्वारा जाँच कर ली जाय अन्यथा की स्थिति पायी जाने पर विधि सम्मत कारवाई अपेक्षित होगी। जाँच के प्रतिफल से वित्त अंकेक्षण विभाग बिहार पटना को अवगत कराया जाय तब तक उक्त व्यय राशि आपत्ति अन्तर्गत रखी जाती है।

**(7) रू0 130930.00 सम्भावित गबन :–**

पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति (बिहार राज्य से बाहर) की जाँच में पाया गया कि दीपू कुमार पिता– स्वर्गीय फौदी साह ग्राम परशुराम थाना– परसौनी जिला सीतामढ़ी को वर्ष 2010–11 में रू0 130930.00 छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान करने के लिए निम्न प्रकार

अभिलेखों में हेरा फेरी किया गया। छात्र दीपू कुमार एस0 डी0 एम0 कॉलेज ऑफ टेकनोलोजी धौलागिरी, कर्नाटक को वर्ष 2009–10 में जिला कल्याण पदाधिकारी सीतामढ़ी के पत्रांक 540 दिनांक 1.9.2010 के द्वारा रू0 130930.00 छात्रवृत्ति की राशि स्वीकृत किया गया तथा चेक संख्या – 005938 दिनांक 1.9.2010 के द्वारा छात्रवृत्ति एवं विविध शुल्क की राशि क्रमशः 2280.00 + 128650.00 कुल रू0 130930.00 का भुगतान दिखाया गया। वर्ष 2010–11 में पूर्व के छात्रवृत्ति भुगतान के आधार पर जिला कल्याण पदाधिकारी सीतामढ़ी के आदेश से नवीनीकृत छात्र के रूप में वर्णित कर अभिलेखों में ''आर– 155'' क्रमांक देकर पत्रांक 161 दिनांक 26.3.2011 द्वारा रू0 130930.00 छात्रवृत्ति की राशि स्वीकृत किया गया एंव दीपू कुमार के लिए एस0 डी0 एम0 कॉलेज ऑफ टेकनोलोजी धौलागिरी कर्नाटक को चेक संख्या 695887 दिनांक 28.3.2011 को रू0 130930.00 (छात्रवृत्ति एंव विविध शुल्क की) राशि का भुगतान किया गया। अभिलेखो की जाँच में पाया गया कि वर्ष 2009–10 में छात्र दीपू कुमार से आवेदन प्राप्त ही नही किया गया था साथ ही इसके निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र एंव निम्न आय समूह से सम्बन्धि आय प्रमाण की जाँच भी नही करायी गयी थी। वर्ष 2009–10 में निर्गत जिला कल्याण पदाधिकारी का छात्रवृत्ति स्वीकृत आदेश के पत्रांक 540 दिनांक 1.9.2010 से कोषागार पदाधिकारी सीतामढ़ी को जिला कल्याण पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा पूर्व में पत्र प्रेषित था। साथ ही वर्ष 2009–10 में छात्र – दीपू कुमार के लिए निर्गत चेक सं0 005938 दिनांक 1.9.10 रद्ध किया जाया गया तथा उक्त चेक से भुगतान नही किया गया था। जिसका सत्यापन बैंक पंजी एंव स0 रोकड़ पुस्त से किया गया। वस्तुतः वर्ष 2010–11 में छात्रवृत्ति के भुगतान के औचित्य को सिद्ध करने हेतु नवीनीकृत छात्र के रूप में दीपू कुमार का चुनाव करने के लिए अभिलेख तैयार किया गया। स्पष्ट है कि सरकार द्वारा निर्धारित मान दण्डों का उल्लंधन किया गया एवं बाद में तैयार किये गये अभिलेखों के आधार बना कर अनियमित तरीके से रू0 130930.00 छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान किया गया पाया गया।

इस प्रकार रू0 130930.00 का छात्रवृत्ति भुगतान गलत तरीके से किया गया जिसके सम्बद्ध में विभागीय सक्षम पदाधिकारी द्वारा जाँच कर ली जाय जाँच में अन्यथा की स्थिति पायी जाने पर निधि सम्मत कारवाई अपेक्षित होगी। जाँच के प्रतिफल से वित्त अंकेक्षण विभाग

को  अवगत कराया जाय तब तक रू0 130930.00 के भुगतान को संभावित गबन की श्रेणी में रखा जाता है।

**(8) रू0 1350167.00 का सम्भावित गबन निर्धारित मानदण्डो के विरूद्ध छात्रवृत्ति का भुगतान :–**

पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति (बिहार राज्य से बाहर) के अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डों का पालन नही कर अभिलेखों मे हेरा फेरी कर वर्ष 2009–10 में रू0 1096307.00 एंव वर्ष 2010–11 में रू0 253860.00 कुल रू0 1350167.00 का छात्रवृत्ति भुगतान जिसका विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट ''घ'' पर संलग्न है। छात्रवृत्ति स्वीकृति हेतु सभी छात्रों से एक बार आवेदन माँग कर उनमें से निर्धारित अर्हता के आधार पर क्रमवार चुनाव कर किया जाना चाहिए था, लेकिन छात्रवृत्ति स्वीकृति में गलत ढंग से वास्तविक लाभार्थी को लाभ से वंचित कर पंसद के लोगों को लाभ दिया गया। छात्रवृत्ति में पाये गये अनियमितताऐ निम्न प्रकार है :–

(क) सरकार द्वारा तय मानक ''पहले आओ, पहले पाओ'' का पालन नही किया गया बल्कि पहले आवेदन देने वाले कुछ छात्रों के स्थान पर बाद में आवेदन देने वाले पंसद के छात्रों का पहले चयन कर छात्रवृत्ति भुगतान किया गया।

(ख) वर्ष 2009–10 में 5 माह तक आवेदन लिया जाता रहा एंव वर्ष 2010–11 में 8 माह तक आवेदन प्राप्त किया जाता रहा, ऐसा आवेदन पंजी की जाँच से पता चला इन आवेदनों में सुविधा एंव पंसद के अनुसार कुछ छात्रों का चुनाव कर छात्रवृत्ति भुगतान किया गया।

(ग) वर्ष 2009–10 में पिछड़ा वर्ग (यादव–11 कलवार–4 कानू– 3 कुशवाहा – 1 कुल –19 तथा वैश्य – 24 जिसमें तेली – 13 सूड़ी –7 रौनियार बनिया – 4 ) तथा पिछड़ा मुस्लिम –3 कुल 46 लोगों को छात्रवृत्ति दी गई।

वर्ष 2010–11 में यादव –11 कलवार –3 कानू– 2 वैश्य – 26 (जिसमें तेली – 14 सूड़ी – 8 रौनियार बनिया – 4) तथा पिछड़ा मुस्लिम – 1 कुल 43 लोगों को छात्रवृत्ति दी गई। आँकड़े स्पष्ट करते है कि चुनाव करने में अनियमितता बरती गई।

(घ) वर्ष 2009–10 एंव 2010–11 में अत्यन्त पिछड़ी वर्ग के एक भी छात्र को छात्रवृत्ति स्वीकृत नही किया गया एवं पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति (बिहार राज्य से बाहर से इन्हे संचित रखा गया)

(ड़) पहले सत्रों में गलत तरीके से कुछ छात्रों की छात्रवृत्ति स्वीकृत किया गया एंव अगले सत्रों में नवीनीकरण कर वैधता प्रदान किया गया।

(च) एक ही पिता के दो– दो संतानों की छात्रवृत्ति एक ही सत्र में स्वीकृत किया पाया गया (दृष्टव्यय – परिशिष्ट ''ड़'') जबकि कई वास्तविक लाभार्थी को वंचित रखा गया ।

इस प्रकार विभिन्न प्रकार के तरीके अपना कर वास्तविक लाभार्थी को लाभ से वंचित कर कुछ छात्रों को अभिलेखों की जाँच में गड़बड़ी कर लाभ पहुँचाया गया जिसमें रू0 1350117.00 का छात्रवृत्ति भुगतान किया हुआ पाया गया।

अतः उक्त व्यय राशि रू0 1350167.00 के सम्बन्ध विभागीय सक्षम पदाधिकारी द्वारा उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अभिलेखों की जाँच कर ली जाय अगर जाँच में अन्यथा की स्थिति पायी जाती है तो सम्बन्धित उत्तरदायी व्यक्ति पर करवाई अपेक्षित होगी। इसके प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को अवगत कराया जाय तबतक उक्त व्यय राशि संभावित गबन की श्रेणी में रखा जाता है।

**(9) रू0 65000.00 पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर राज्य से बाहर छात्रवृत्ति भुगतान की राशि आपत्ति अन्तर्गत :–**

अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि दिनांक 16.6.2008 को प्राचार्य, जी0 एस0 राय सोनी कॉलेज आफ इन्जिनियरिंग एन्ड मनेजमेन्ट, पूणे को रू0 65000.00 का भुगतान किया पाया गया। अंकेक्षण में भुगतान से सम्बन्धित छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र एंव छात्र की जाति,

आवासीय एंव आय प्रमाण पत्र की जाँच से सम्बन्धित अभिलेख – संचिका प्रस्तुत नही किया गया। अतः विभागीय स्तर पर इस छात्रवृत्ति की जाँच सक्षम पदाधिकारी से कराया जाय एंव फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को सूचित किया जाय।

**(10) रू0 7115360.00 छात्रवृत्ति मद में उपवान्ति भुगतान की राशि , आपत्ति अन्तर्गत :–**

पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के आवंटन व्यय की जाँच एंव अन्य अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि रू0 7115360.00 से सम्बन्धित उपावन्टन एंव चेक भुगतान प्राखण्ड/अनुमंडल कार्यालयों को उपलब्ध कराया गया था जिसका विवरण :–

| विवरण | राशि |
|---|---|
| 1 पिछड़ा वर्ग उच्च विद्यालय उपावंटन (07–08) | 261360.00 |
| 2 पिछड़ा वर्ग उच्च विद्यालय उपावंटन (08–09) | 434000.00 |
| 3 पिछड़ा वर्ग उच्च विद्यालय उपावंटन (09–10) | 800000.00 |
| 4 पिछड़ा वर्ग उच्च विद्यालय (2010–11) | 1200000.00 |
| 5 पिछड़ा वर्ग प्राथमिक/मध्य विद्यालय छत्रवृत्ति प्रखण्ड विकास कार्यालय वेलसन्ड चेक सं0 694319 | 60000.00 |
| 6 प्रखण्ड विकास कार्यालय वैरगिनिया चेक सं0 694320 | 60000.00 |
| 7 पिछड़ा वर्ग प्राथमिक/मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति (2009–10) | 1700000.00 |
| 8 पिछड़ा वर्ग प्राथमिक/मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति (2010–11) | 2600000.00 |

कुल रू0 – 7115360.00

अंकेक्षण में उपरोक्त व्यय से सम्बन्धित अभिलेख/उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया। अतः रू0 7115360.00 से सम्बन्धित व्यय की विभागीय सक्षम पदाधिकारी से जाँच कराया जाय एंव परिणाम से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को सूचित किया जाय तब तक उक्त राशि रू0 7115360.00 को आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

## भाग– 3 (सुझावात्मक)

### (11) रू0 16740.00 रद्ध चेक की राशि रोकड़ वही की आय पक्ष में प्रविष्टि के सम्बन्ध में :–

पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति मद की जाँच में पाया गया कि बैंक ऑफ इन्डिया डुमरा के चेक संख्या 692046 के द्वारा दिनांक 4.11.2009 को रू0 16740.00 का भुगतान शाखा प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा सीतामढ़ी को दिखाया गया, जिसकी प्रविष्टि बैंक पंजी/सहायक रोकड़ पंजी में किया गया पाया गया जबकि जाँच में उक्त चेक रद्ध किया पाया गया। चेक रद्ध करने के साथ ही उक्त राशि की प्रविष्टि बैंक पंजी एंव रोकड़ पंजी के आय पक्ष में कर दिया जाना चाहिए था। लगभग दो वर्षो तक सम्वरण शेष से उक्त राशि गायब रहा। निर्गत आपत्ति का अनुपालन नही किया गया। स्पष्ट है कि सम्वरण शेष में रू0 16740.00 की कमी किया गा अतः रू0 – 16740.00 की राशि को रोकड़ वही के आय पक्ष में प्रविष्टि का सुझाव दिया जाता है। इसके प्रतिफल से वित्त अंकेक्षण विभाग बिहार पटना को सूचित किया जाय।

### (12) (क) रू0 877050.00 छात्रवृत्ति की अवशेष राशि कोषागार में जमा करने योग्य :–

जिला कल्याण कार्यालय के रोकड़ पुस्त एवं अन्य अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि छात्रवृत्ति के विभिन्न मदों में कोषागार से निकासी कर व्यय करने के पश्चात् पूर्व से अवशेष के रूप में छात्रवृत्ति की राशि अवशेष के रूप में रोकड़ में पड़ी है विवरण निम्न प्रकार है :–

| मद | राशि | वर्ष |
|---|---|---|
| 1 पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 7690.00 | 2005–06 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 125.00 | 2006–07 |
| 3 पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 868480.00 | 2007–08 |
| 4 पिछड़ा वर्ग प्रावैधिकी छात्रवृत्ति | 200.00 | 2007–08 |
| 5 पिछड़ा वर्ग प्राथमिक मध्य उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति | 555.00 | 2007–08 |

छात्रवृत्ति की अवशेष राशि – 877050.00

इस प्रकार छात्रवृत्ति की अवशेष राशि रू0 877050.00 विभिन्न मदों में अनावश्यक रूप से पड़ी हुई है जिसके गबन आदि की सम्भावना से बचने के लिए शीध्र कोषागार के विहित शीर्ष में जमा किया जाय एंव इसके अनुपालन से वित्त अंकेक्षण विभाग बिहार, पटना को सूचित किया जाय।

**(12) (ख) रू0 18534.00 छात्रवृत्ति की अवशेष राशि जमा करने योग्य :–**

विभिन्न पंचायतों के छात्रवृत्ति व्यय की नमूना जाँच में पाया गया कि प्रखण्ड सुरसन्ड के सुरसन्ड पंचायत में पूर्व से पिछड़ा वर्ग के प्राथमिक/मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति मद में अव्यवहृत अवशेष राशि रू0 18534.00 पंचायत सचिव द्वारा प्रखण्ड नजारत में चेक संख्या 94440/1.2.10 से रू0 18396.00 तथा नाजिर रसीद संख्या 664561/1.2.11 से रू0 138.00 कुल रू0 18534.00 जमा किया गया। वस्तुतः इस राशि कोषागार के विहित शीर्ष में जमा किया जाना चाहिए था। अतः प्रखण्ड कार्यालय सुरसन्ड के नजारत में पंचायत सुरसन्ड की अवशेष जमा राशि रू0 18534.00 को कोषागार के विहित शीर्ष में शीध्र जमा किया जाय एंव इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग को दिया जाय।

**(12) (ग) रू0 21280.00 छात्रवृत्ति की अवशेष राशि जमा करने योग्य :–**

पंचायतों के छात्रवृत्ति मद में व्यय के नमूना जाँच में पाया गया कि डुमरा प्रखण्ड अन्तर्गत कुछ पंचायतों में पिछड़ा वर्ग प्राथमिक/मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति मद में व्यय के पश्चात् अवशेष राशि पड़ी है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| प्रखण्ड | पंचायत का नाम | पिछड़ा वर्ग प्राथमिक/मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति अवशेष |
|---|---|---|
| डुमरा | मेहसोल गौर | 860.00 |
| | भासर भददा उत्तरी | 6560.00 |
| | विशनपुर | 6840.00 |
| | मेथौरा | 6840.00 |
| | वरियारपुरि | 180.00 |
| | कुल योग– | 21280.00 |

अतः उपरोक्त अवशेष छात्रवृत्ति की राशि रू0 21280.00 को शीध्र कोषागार में जमा किया जाय एंव इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग को दिया जाय।

**(13) पंचायतों मे रू0 430577.00 प्राथमिक/मध्य विद्यालय पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति की राशि लाभार्थियों को बीच वितरित करने का सुझाव :–**

प्रखण्ड बाजपट्टी अन्तर्गत दो पंचायतों माधोपुर चतुरी एंव बर्री फुल वरिया की जाँच में पाया गया कि वर्ष 2007–08 से 2010–11 की अवधि में इन दोनो पंचायतों में पिछड़ा वर्ग प्राथामिक/मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति की राशि छात्रों के बीच नही वितरित किया गया एंव पंचायत माधोपुर चतुरी में 2007–08 से छात्रवृत्ति की प्राप्त राशि तथा बैंक द्वारा दिया गया व्याज कुल रू0 146280.00 तथा पंचायत वर्री फुल वरिया में 2007–08 से छात्रवृत्ति की प्राप्त राशि एंव व्याज की राशि रू0 284297.00 कुल रू0 430577.00 अनावश्यक रूप से सम्वरण में

पड़ा रहा एंव उक्त दोनो पंचायतों के गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति की राशि से वंचित रखा गया। उच्चाधिकारियों का ध्यान इसके लिए जिम्मेवार कर्मचारियों/पदाधिकारियों पर उचित कारवाई हेतु ध्यान आकृष्ट किया जाता है कि छात्रवृत्ति की राशि को शीध्र लाभार्थी छात्रों में वितरित कराया जाय वितरण नही होने की स्थिति में अवशेष राशि उचित शीर्षन्र्गत कोषागार में जमा करायी जाय एंव इसकी सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग को दी जाय।

## (14) अव्यवहृत/अवशेष राशि को कोषागार में जमा कराया जाय :–

विभिन्न प्रखण्ड/पंचायतों के अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि अंकेक्षित अवधि से पूर्व की अवधि का छात्रवृत्ति का अवशेष/अव्यवहृत राशि अनावश्यक रूप से पड़ा हुआ है एंव उसका वर्त्तमान में व्यय सम्भावित वही है। ऐसी राशि अधिक मात्रा में प्रखन्डों/पंचायतों में पड़ी है जिसके दुर्विनियोग की सम्भावना बनी हुई है। अतः सुझाव दिया जाता है कि उक्त राशि की समीक्षा कर उसे कोषागार विहित शीर्ष में जमा कराया जाय।

**उप लेखा नियंत्रक**
**वित्त(अंकेक्षण)विभाग,बिहार पटना**

**मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का नाम**

(1) मंजु कुमारी, व0 अं0–2

(2) आलोक कुमार गुप्ता , व0 अं0 –2

## परिशिष्ट –"क"

## (कंडिका "1– ट" में उल्लिखित)

# <u>अंकेक्षण में प्रस्तुत एंव अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–</u>

## (क) प्रस्तुत अभिलेख – वर्ष 07– 08 से 10– 11 तक

1. विपत्र पंजी
2. सहायक रोकड़ पंजी
3. छात्रवृत्ति वितरण संचिका
4. बैंक पंजी
5. आवेदन पंजी
6. छात्रवृत्ति स्वीकृति संचिका
7. चेक भुगतान पंजी
8. परिपत्र संचिका
9. आवंटन संचिका
10. आकस्मिकता पंजी
11. सामान्य रोकड़ पंजी
12. प्रखण्ड डुमरा, पुपरी, वाजपट्टी, वोखड़ा, बथनाहा तथा सुरसन्ड के व्यय अभिलेख
13. प्रखण्ड डुमरा अन्तर्गत पंचायत मेहसौल (पूर्वी पश्चिम तथा गोट) पुनौरा (पूर्वी– पश्चिम) चक राजो पट्टी, विशनपुर, मेथौरा, भूव भैरो रंजीत पुर पूर्वी, आसर भद्धा तथा वरियारपुर के व्यय अभिलेख
14. प्रखण्ड बाजपट्टी के पंचायत बर्री फुलवरिया तथा माधोपुर चतुरी
15. सुरसन्ड के सुरसन्ड पंचायत के व्यय अभिलेख

## (ख) अप्रस्तुत अभिलेख :–

1. नवीनीकरण संचिका
2. बैंक एडवाइस संचिका

3. चेक अद्यकट्टी
4. प्रखण्ड रून्नी सैदपुर, रीगा, मेजर गंज, नानपुर , चोरौत, सोनवर्षा, परिहार, वैरगिनिया, सुप्पी तथा बेलसन्ड के प्रखण्ड तथा पंचायतों के अभिलेख
5. प्रखण्ड पुपरी ,वोरूड़ा वथनाहा के सभी पंचायतों के अभिलेख
6. प्रखण्ड बाजपट्टी (पंचायत माधोपुर चतुरी एंव बर्री फुलवरिया छोड़कर ) सभी पंचायत तथा प्रखण्ड सुरसन्ड के पंचायत सुरसन्ड को छोड़कर सभी पंचायत , प्रखण्ड डुमरा के अन्य पंचायतों के अभिलेख

## परिशिष्ट "ख" कंडिका – 3 (1) से सम्बन्धित

## जिला कल्याण कार्यालय सीतामढ़ी

## आवंटन – व्यय विवरणी वर्ष 2007–08

**वित्तीय वर्ष 2007–08 में पिछड़ा वर्ग एंव अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अन्तर्गत छात्रवृत्ति एंव अन्य योजना मद में प्राप्त आवंटन/निकासी/व्यय/अवशेष/लाभान्वितों की संख्या संबंधी प्रतिवेदन**

**जिला– सीतामढ़ी** **(आँकड़े लाख में)**

| क्र0 | मद का नाम | आवंटन | | | | निकासी | | | | व्यय | | | | अवशेष | | | | अभ्यु0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | |
| 1 | प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 9.00 | 0 | 13.00 | 22.00 | 9.00 | 0 | 13.00 | 22.00 | 9.00 | 0 | 13.00 | 22.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 2 | प्रावैधिक छात्रवृत्ति | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 3 | उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति | 16.40 | 0 | 0 | 16.40 | 16.40 | 0 | 0 | 16.40 | 16.40 | 0 | 0 | 16.40 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 4 | प्राथमिक एंव मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति | 36.62 | 0 | 0 | 36.62 | 36.62 | 0 | 0 | 36.62 | 36.62 | 0 | 0 | 36.62 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | प्री– मैट्रीक उच्च विद्यालय | | 0 | 0.00 | 0.00 | | 0 | 0.00 | | | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| 6 | प्री– मैट्रीक प्रा0 एंव म0 विद्यालय छात्रवृत्ति | | 0 | 0.00 | 0.00 | | 0 | 0.00 | | | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| | कुल | 62.52 | 0.00 | 13.00 | 75.52 | 62.52 | 0.00 | 13.00 | 75.52 | 62.52 | 0.00 | 13.00 | 75.52 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |

**परिशिष्ट ''ख'' कंडिका – 3 (1) से सम्बन्धित**

**जिला कल्याण कार्यालय सीतामढ़ी**

**आवंटन – व्यय विवरणी वर्ष 2008–09**

**वित्तीय वर्ष 2008–09 में पिछड़ा वर्ग एंव अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अन्तर्गत छात्रवृत्ति एंव अन्य योजना मद में प्राप्त आवंटन/निकासी/व्यय/अवशेष/लाभान्वितों की संख्या संबंधी प्रतिवेदन**

**जिला– सीतामढ़ी** **(आँकड़े लाख में)**

| क्र0 | मद का नाम | आवंटन | | | | निकासी | | | | व्यय | | | | अवशेष | | | | अभ्यु0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | |
| 1 | प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 16.00 | 0 | 8.00 | 24.00 | 16.00 | 0 | 8.00 | 24.00 | 16.00 | 0 | 8.00 | 24.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 2 | प्रावैधिक छात्रवृत्ति | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.500 | 0 | 0 | 0.50 | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 3 | उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति | 16.00 | 0 | 0 | 16.00 | 15.998 | 0 | 0 | 16.00 | 15.998 | 0 | 0 | 16.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 4 | प्राथमिक एंव मध्य विद्यालय | 34.00 | 0 | 0 | 34.00 | 33.998 | 0 | 0 | 34.00 | 33.998 | 0 | 0 | 34.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्रवृत्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | प्री– मैट्रीक उच्च विद्यालय | | 0 | 2.04 | 2.04 | | 0 | 2.033 | 2.03 | | 0 | 2.033 | 2.03 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| 6 | प्री– मैट्रीक प्रा0 एंव म0 विद्यालय छात्रवृत्ति | | 0 | 3.42 | 3.42 | | 0 | 3.42 | 3.42 | | 0 | 3.42 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| | कुल | 66.50 | 0.00 | 13.46 | 79.96 | 66.50 | 0.00 | 13.45 | 79.95 | 66.50 | 0.00 | 13.45 | 76.53 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |

## परिशिष्ट "ख" कंडिका – 3 (1) से सम्बन्धित

## जिला कल्याण कार्यालय सीतामढ़ी

## आवंटन – व्यय विवरणी वर्ष 2009–10

## वित्तीय वर्ष 2009–10 में पिछड़ा वर्ग एंव अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अन्तर्गत छात्रवृत्ति एंव अन्य योजना मद में प्राप्त आवंटन/निकासी/व्यय/अवशेष/लाभान्वितों की संख्या संबंधी प्रतिवेदन

**जिला– सीतामढ़ी** **(आँकड़े लाख में)**

| क्र0 | मद का नाम | आवंटन | | | | निकासी | | | | व्यय | | | | अवशेष | | | | अभ्यु0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | |
| 1 | प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 46.00 | 0 | 0.00 | 46.00 | 46.00 | 0 | 0.00 | 46.00 | 46.00 | 0 | 0.00 | 46.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 2 | प्रावैधिक छात्रवृत्ति | 0.55 | 0 | 0. | 0.55 | 0.55 | 0 | 0 | 0.55 | 0.55 | 0 | 0 | 0.55 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 3 | उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति | 16.00 | 0 | 0. | 16.00 | 16.00 | 0 | 0 | 16.00 | 16.00 | 0 | 0 | 16.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 4 | प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय | 34.00 | 0 | 0 | 34.00 | 34.00 | 0 | 0 | 34.00 | 34.00 | 0 | 0 | 34.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्रवृत्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | प्री– मैट्रीक उच्च विद्यालय | | 0 | 0.00 | 0.00 | | 0 | 0.00 | 0.00 | | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| 6 | प्री– मैट्रीक प्रा0 एवं म0 विद्यालय छात्रवृत्ति | | 0 | 0.00 | 0.00 | | 0 | 0.00 | 0.00 | | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| | कुल | 96.55 | 0.00 | 0.00 | 96.55 | 96.55 | 0.00 | 0.00 | 96.55 | 96.55 | 0.00 | 0.00 | 96.55 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |

**परिशिष्ट "ख" कंडिका – 3 (1) से सम्बन्धित**

**जिला कल्याण कार्यालय सीतामढ़ी**

**आवंटन – व्यय विवरणी वर्ष 2010–11**

**वित्तीय वर्ष 2010–11 में पिछड़ा वर्ग एंव अत्यन्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अन्तर्गत छात्रवृत्ति एंव अन्य योजना मद में प्राप्त आवंटन/निकासी/व्यय/अवशेष/लाभान्वितों की संख्या संबंधी प्रतिवेदन**

**जिला– सीतामढ़ी** **(आँकड़े लाख में)**

| क्र0 | मद का नाम | आवंटन | | | | निकासी | | | | व्यय | | | | अवशेष | | | | अभ्यु0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | योजना | गैर योजना | केन्द्र चालित योजना | योग | |
| 1 | प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 30.00 | 0 | 30.00 | 60.00 | 30.00 | 0 | 30.00 | 60.00 | 30.00 | 0 | 30.00 | 60.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 2 | प्रावैधिक छात्रवृत्ति | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.50 | 0 | 0 | 0.50 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 3 | उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति | 16.00 | 0 | 0 | 16.00 | 16.00 | 0 | 0 | 16.00 | 16.00 | 0 | 0 | 16.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 4 | प्राथमिक एवं मध्य | 34.00 | 0 | 0 | 34.00 | 34.00 | 0 | 0 | 34.00 | 34.00 | 0 | 0 | 34.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विद्यालय छात्रवृत्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | प्री– मैट्रीक उच्च विद्यालय | 4.08 | 0 | 0.00 | 4.08 | 4.08 | 0 | 0.00 | 4.08 | 4.08 | 0 | 0.00 | 4.08 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| 6 | प्री– मैट्रीक प्रा0 एवं म0 विद्यालय छात्रवृत्ति | 6.84 | 0 | 0.00 | 6.84 | 6.84 | 0 | 0.00 | 6.84 | 6.84 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | |
| | कुल | 91.42 | 0.00 | 30.00 | 121.42 | 91.42 | 0.00 | 30.00 | 121.42 | 91.42 | 0.00 | 30.00 | 114.58 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | |

# परिशिष्ट "ग"

## (कंडिका "4" से सम्बन्धित)

## जिला कल्याण कार्यालय सीतामढ़ी

## पद बल विवरणी

| क्र0 | पदों के नाम | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला कल्याण पदाधिकारी | 1 | — | 1 |
| 2 | प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी | 17 | 2 | 15 |
| 3 | प्रधान लिपिक | 1 | 1 | — |
| 4 | सांख्यिकी सहायक | 1 | 1 | — |
| 5 | लिपिक | 4 | 3 | 1 |
| 6 | जीप चालक | 1 | 1 | — |
| 7 | चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी | 3 | 1 | 2 |
| | कुल योग– | 28 | 9 | 19 |

## परिशिष्ट ''घ'' (कंडिका – 8 से सम्बन्धित)

## निर्धारित मानदण्डों के विरूद्ध स्वीकृत छात्रवृत्ति की सूची

## वर्ष 2009–10

| क्र0 | छात्र का नाम– पता एंव आवेदन क्रमांक / तिथि | शिक्षण संस्थान का नाम पता | शिक्षण प्रभाग सत्र | आदेश संख्या | चेक सं0 / तिथि | छात्रवृत्ति भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विमल कुमार पिता श्री नवल किशोर गुप्ता ग्राम, पो0 थाना– रून्नी सैदपुर जिला – सीतामढ़ी 98 / 30.12.09 जाति – ''रौनियार बनिया'' | कवि कुल गुरू इन्सटिच्यूट ऑफ टेकनोलॉजी एंड साइन्स राम टेक नागपुर – 441106 | बी0 ई0 प्रथम वर्ष | 223 / 5.4.10 | 2074 / 5.4.10 | 52430.00 |
| 2 | अरूण कुमार पिता – श्री रमाशंकर प्रसाद ग्रा0 –पो0, थाना – मेजरगंज, सीतामढ़ी 92 / 1.09.09 जाति– ''कलवार'' | गुरू नानक देव इन्जिनियरिंग कॉलेज लुधियाना, पंजाब | बी0 टेक द्वितीय वर्ष | 364 / 5.6.10 | 49047 / 21.5.10 | 47280.00 |
| 3 | तारकेश्वर कुमार पिता– श्री शम्भू साह ग्रा0– पो0, थाना– रून्नी सैदपुर, सीतामढ़ी 91 / 24.09.09 जाति– ''रौनियार बनिया'' | स्कूल ऑफ इन्जिनियरिंग कोचीन यूनिवरसीटी ऑफ साइन्स एंड टेकनोलॉजी कोच्ची केरल | बी0 टेक तृतीय वर्ष | 224 / 5.4.10 | 2075 / 5.4.10 | 39735.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | प्रवीण कुमार पिता– श्री रामनरेश राय ग्राम– पड़री, पो0– रामपुर थाना, जिला – सीतामढ़ी 85/1.10.09 जाति – ''यादव'' | श्री वैष्णव इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलॉजी एन्ड साईंस इन्दौर, बारोली | बी0 ई0 द्वितीय वर्ष | 362/5.6.10 | 49054/21.5.10 | 48610.00 |
| 5 | राजीव कुमार पिता– श्री महेन्द्र प्रसाद साह ग्राम– पकड़िया पो0– पिपरा परसाइन थाना– सोनबरसा, सीतामढ़ी 84/1.10.09 जाति– ''तेली'' | स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ साइन्स एंड टेकनोलॉजी बारखेड़ी कला नीलवाद रोड, पो0 सूरज नगर, भोपाल | बी0 ई0 द्वितीय वर्ष | 538/1.9.10 | 5931/अंकित नही | 42380.00 |
| 6 | राजू कुमार पिता– श्री राम प्रकाश साह ग्राम– पो0 – भुतही थाना– सोनवरसा, सीतामढ़ी 82/23.09.09 | बंगाल इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलॉजी एन्ड मैनेजमेंट श्री निकेतन वाईपास , गोपाल नगर पो0– डोंरंडा , जिला – वीर भूम (पं0 बंगाल) | बी0 टेक चतुर्थ वर्ष | 356/5.6.10 | 49039/21.5.10 | 51200.00 |
| 7 | फणी भूषण पिता– श्री उपेन्द्र प्रसाद शुक्ल ग्राम– सहनिया पट्टी पो0 कंसार (बखरी) थाना– सुरसन्ड, सीतामढ़ी 79/05.10.09 | प्रीस्ट यूनिवरसीटी बल्लभ तंजाबुर तामिलनाडू | बी0 टेक द्वितीय वर्ष | 233/5.4.10 | 0509/5.4.10 | 64780.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | मो0 फैज खान पिता– श्री मो0 मोइन अहमद खान मोहल्ला– मेहसौल चौक, डुमरा रोड पो0– थाना– सीतामढ़ी जिला– सीतामढ़ी 76/05.12.09 | प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ इन्जिनियरिंग सी0 आर0 पी0 एफ0 कैम्पस के नजदीक हिगंना रोड, नागपुर | बी0 ई0 प्रथम वर्ष | 353 ''क'/5.6.10 | 49048/5.6.10 | 63382.00 |
| 9 | अमित कुमार पिता– श्री राम शरण प्रसाद ग्राम' पो0– चैनपुर थाना– पुपरी, सीतामढ़ी 75/30.9.09 | भारत यूनिवरसीटी भारत इन्सटीच्यूट ऑफ साइन्स एंड टेकनोलोजी, 173 आगराम रोड, सेलायुर, चेन्नई | बी0 टेक द्वितीय वर्ष | 358/5.6.10 | 49041/21.5.10 | 65280.00 |
| 10 | सुशील कुमार पिता– श्री राजाराम चौधरी ग्राम– नरकटिया , पो0– सिंहवाहिनी , थाना– सोनवरसा , सीतामढ़ी '72/27. 11.09 | एन0 एस0 एच0 एम0 कालेज कैम्पस दुर्गापुर आरा सिताबतल्ला भाया मुचिया दुर्गापुर (पं0 बंगाल) | बैचलर इन हास्पीटल मैनेजमेन्ट द्वितीय वर्ष | 363/5.6.10 | 49046/21.5.10 | 72280.00 |
| 11 | सुशील कुमार पिता– श्री राज नारायण साह ग्राम– पो0– कन्हवाँ , थाना – बेला, सीतामढ़ी 67/2.11.09 | तुलास इन्सटीच्यूट (इन्जिनियरिंग एंड मैनेजमेन्ट कॉलेज) धोएल कोट, चकराता रोड पो0 – सेलाकी देहरादून, उत्तराखण्ड | बी0 टेक प्रथम वर्ष | 351/5.6.10 | 49034/21.5.10 | 63400.00 |
| 12 | सुधीर कुमार पिता– श्री ब्रम्हदेव साह ग्राम– पो0– कोहबरवा , थाना– | भी0 एन0 एस0 इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलोजी भोपाल, | बी0 ई0 प्रथम वर्ष | 350/5.6.10 | 49033/21.5.10 | 56520.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सोनवरसा, सीतामढ़ी 66/29.10.09 | विधा बिहार, नाथू बरखेड़ा भोपाल | | | | |
| 13 | विजय कुमार पिता– श्री चालित्तर पंजियार ग्राम– वर्मा , पो0– चोरौत, थाना– पुपरी , सीतामढ़ी 63/1.10.09 | एम0 एम0 कालेज ऑफ डेन्टल साइन्स एंड रिसर्च एम0 एम0 यूनिवरसीटी, अम्बाला | बी0 डी0 एस द्वितीय वर्ष | 232/5.4.10 | 508/5.4.10 | 155900.00 |
| 14 | रणधीर कुमार पिता– श्री शत्रुधन प्र0 यादव ग्राम– विश्वनाथपुर, डुमरा सीतामढ़ी 62/1.10.09 | स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ साइन्स एंड टेकनोलॉजी बरखेड़ी कला पो0– सूरज, भोपाल | बी0 ई0 द्वितीय वर्ष | 354/5.6.10 | 49037/21.5.10 | 42380.00 |
| 15 | कौशल कुमार पिता– स्व0 मही नारायण राय<br>ग्राम– भुतहा पो0– मेधपुर थाना– पुपरी, सीतामढ़ी 58/9.11.09 | मिलेनियम इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलॉजी एंड साइन्स, बरखेड़ा रोड, भोपाल | बी0 ई0 प्रथम वर्ष | 349/5.6.10 | 49032/21.5.10 | 56520.00 |
| 16 | संजीव कुमार पिता– श्री नन्द किशोर साह ग्राम– बनौल, थाना– नानपुर, सीतामढ़ी 57/30.12.09 | भी0 एन0 एस0 इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलॉजी विद्या बिहार नाथू वरखेड़ा भोपाल | बी0 ई0 प्रथम वर्ष | 537/1.09.10 | 005939/तिथि अंकित नही | 56520.00 |
| 17 | रौशन कुमार पिता– श्री राय इकबाल साह ग्राम– कहवाँ थाना– बेला, सीतामढ़ी 86/5.12.09 | हिन्दुस्तान इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलॉजी एंड साइन्स, पुडार केलब्कम, चेन्नई | एम0 बी0 ए0 प्रथम वर्ष | 355/5.06.10 | 49038/21.5.10 | 117710.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1096307.00 |

**वर्ष 2010–11**

| क्र0 | छात्र का नाम– पता एंव आवेदन क्रमांक / तिथि | शिक्षण संख्यक का नाम पता | शिक्षण प्रमाण सत्र | आदेश संख्या | चेक सं0 / तिथि | छात्रवृत्ति भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरविन्द कुमार पिता– श्री योगेन्द्र पंजियार ग्राम– चोरौत थाना– पुपरी सीतामढ़ी 263 / 20.1.2011 , जाति सूड़ी | स्कूल ऑफ इन्जियरियरिंग कोचीन यूनिवरसिटी एंड साइन्स एन्ड टेकनोलॉजी कोच्चि ,केरल | बी0 टेक तृतीय वर्ष | 162 / 26.3.11 | 695888 / 28.3.11 | 18390.00 |
| 2 | प्रवीण कुमार पिता– श्री योगेन्द्र पंजियार ग्राम– चोरौत, थाना– पुपरी , सीतामढ़ी 262 / 20.1.2011 जाति– सूड़ी | तदैव | बी0 टेक द्वितीय वर्ष | 164 / 26.3.11 | 695890 / 28.3.11 | 41390.00 |
| 3 | अर्चना कुमारी पिता– श्री शम्भू प्रसाद ग्राम, थाना– कन्हौली, सीतामढ़ी 261 / 18.1.2011 जाति– तेली | के0 सी0 एस0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन ओमेन जम्मू (कश्मीर) | बी0 एड0 प्रथम वर्ष | 56 / 20.7.11 | 5872 / 20.7.11 | 27165.00 |
| 4 | नम्रता कुमारी पिता– श्री सुखसागर गुप्ता ग्राम, थाना– रीगा, सीतामढ़ी 245 / 20.7.2011 | इन्सटीच्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट एंड कैटरिंग कोलकत्ता | बी0 एस0 सी0 पी0 एन0 एच0 ए0 एच0 ए0 प्रथम वर्ष | 53 / 20.7.11 | 5870 / 20.7.11 | 25330.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | अरूण कुमार पिता– श्री रामाशंकर प्रसाद ग्राम, थाना– मेजरगंज , सीतामढ़ी 200/20.10.10 जाति– कलवार | गुरू नानक देव इन्जिनियरिंग कालेज लुधियाना, पंजाब | बी0 टेक तृतीय वर्ष | 160/26.3.2011 | 695886/28.2.11 | 75305.00 |
| 6 | सुधीर कुमार पिता– श्री ब्रम्हदेव साह ग्राम– कोहबरवा थाना– सोनवरसा , सीतामढ़ी 196/27.10.10 जाति– तेली | भी0 एन0 इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलोजी , नीलबाद, भोपाल | बी0 टेक द्वितीय वर्ष | 108/26.3.11 | 695853/26.3.11 | 66280.00 |

कुल योग– 1350167.00

## परिशिष्ट ''ड़''

## (कंडिका 8 'च' से सम्बन्धित)

## एक ही पिता के दो संतानों को एक ही सत्र में स्वीकृत छात्रवृत्ति की विवरणी :–

| क्र0 | छात्र का नाम– पता एंव आवेदन क्रमांक / तिथि / जाति | शिक्षण संस्थान का नाम पता | शिक्षण प्रभाग सत्र | वर्ष | आदेश सं0 / तिथि | चेक सं0 / तिथि | छात्रवृत्ति भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजीव कुमार पिता– श्री मिथिला राय ग्राम– बबुरवन थाना– परिहार, सीतामढ़ी 61 / 30.9.2009 जाति– ''यादव'' | संत लोंगोवाल अभियांत्रिक एवं प्राधौगिकी संस्थान लोंगोवाल संगरूर, पंजाब | डी0 सी0 टी0 प्रथम वर्ष | 2009–10 | 225 / 5.4.2010 | 0501 / 5.4.10 | 11475.00 |
| 2 | राजीव कुमार पिता– श्री मिथिला राय ग्राम+पो0– बबुरबन थाना– परिहार, सीतामढ़ी 36 / 11.09.2010 जाति– यादव | तदैव | डी0 सी0 टी0 द्वितीय वर्ष | 2010–11 | 81 / 8.3.2011 | 695872 / 28.3.11 | 18940.00 |
| 3 | शैलेन्द्र कुमार पिता– श्री मिथिला राय ग्राम– भारती नगर पुनौरा , थाना एंव जिला – सीतामढ़ी 19 / 15.10.09 जाति – यादव | राजस्थान इन्सटीच्यूट ऑफ टेकनोलोजी जयपुर | बी0 टेक तृतीय वर्ष | 2009–10 | 227 / 5.4.2010 | 0503 / 5.4.10 | 44280.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | शैलेन्द्र कुमार पिता– श्री मिथिला राय ग्राम– पो0– बुबरबन , थाना– परिहार सीतामढ़ी 3 / 26.6.10 जाति – यादव | तदैव | बी0 टेक चतुर्थ वर्ष | 2010–11 | 82 / 8.3.11 | 695870 / 28.3.11 | 47880.00 |
| 1 | गौरव कुमार पिता– श्री रामजी प्रसाद साह, गाँधीनगर तलखापुर सीतामढ़ी 49 / 31.9.2009 जाति– तेली | गुरू प्रेमसुख मेमोरियल कॉलेज ऑफ इन्जियरिंग 245 बुधपुर करनाल रोड, दिल्ली | बी0 टेक द्वितीय वर्ष | 2009–10 | 522 / 17.8.10 | 0553 / 14.8.10 | 52280.00 |
| 2 | गौरव कुमार पिता– श्री रामजी प्रसाद साह, गाँधीनगर तलखापुर , सीतामढ़ी 10 / 13.7.10, जाति– तेली | तदैव | बी0 टेक तृतीय वर्ष | 2010–11 | 124 / 26.3.11 | 695869 / 28.3.11 | 52280.00 |
| 3 | सौरभ कुमार पिता – श्री रामजी प्रसाद साह, गाँधीनगर तलानापुर राजोपट्टी सीतामढ़ी , 52 / 21.10.09 जाति – तेली | एन0 आर0 आई इन्सटीच्यूट ऑफ इनफारमेशन साइन्स एंड टेकनोलॉजी सज्जन सिंह नगर राय सेन रोड भोपाल | बी0 ई0 प्रथम वर्ष | 2009–10 | 521 / 17.8.10 | 0552 / 14.8.10 | 55120.00 |
| 4 | सौरभ कुमार पिता – श्री रामजी प्रसाद साह गाँधीनगर ,थाना ,जिला– सीतामढ़ी 13 / 16.07.2010 जाति – तेली | तदैव | बी0 ई0 द्वितीय वर्ष | 2010–11 | 134 / 26.3.11 | 695881 / 26.3.11 | 54380.00 |

कुल योग– 336635.00